nt>

Title: Need to lift the ban on the sale of better quality of animals in the fair organised at rural levels in the State of Punjab, Haryana, Uttar Pradesh and other parts of the country.

श्री प्रदीप कुमार यादव (कन्नौज): महोदय, हिन्दुस्तान गांव प्रधान देश है और गांव में रहने वाले किसान ज्यादातर खेती करते हैं। ग्रामीण स्तर पर पशुओं का मेला हर राज्य में लगता है, जहां पंजाब, हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश से, देश के सभी उत्तरी हिस्सों में स्वस्थ किस्म के जानवर भेजे जाते हैं।

पशुओं की नस्ल सुधार व अच्छे बैल-बछड़े तथा गायों जैसे पशुओं का व्यापार किसान का एक कारगर माध्यम बन गया है, वहीं दूसरी तरफ सरकार ने पाबन्दी लगा दी है कि बछड़ों को और अच्छे किस्म के जानवरों को जिले के बाहर नहीं ले जाया जा सकता है। इसकी वजह से गांवों के गरीब किसान, जो इस तरह भैंस या बछड़ों जैसे छोटे व्यापार करके अपना जीवनयापन करते थे, रोजी-रोटी चलाते थे, वह उनका व्यापार बंद हो गया है।

महोदय, मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इन उन्नतशील किस्म के पशुओं पर, उनके आगमन पर लगाई गई पाबन्दी को तत्काल हटाने की कृपा की जाए।